**खबर संक्षेप**

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से रियायती ब्याज पर मिलेगा ऋण

**मण्डला।** भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर 2023 से देश के शिल्पकार बढाई, सुनार, लोहार, राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची, जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी ,चटाई, झाडू बनाने वाला गुड़िया और खिलौन निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता, आदि कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना में 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की आयु के कारीगर शामिल हो सकते हैं। योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा जिसके के लिए ब्याज दर 5 प्रतिशत तय की गई है। प्रथम चरण में 1 लाख रूपए का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उसके बाद योजना के द्वितीय चरण में 2 लाख रूपए तक का लोन लिया जा सकता है। सभी पात्र शिल्पी अपना पंजीयन नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) में करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड का मोबाईल नम्बर से लिंक होना आवश्यक है।

### आज इन पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**मण्डला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 1 जनवरी 2024 को बिछिया विकासखंड के ग्राम मोचा एवं खटिया नारंगी, बीजाडांडी में तरवानी एवं डुडुआ, घुघरी में मांगा एवं टिकरिया, नैनपुर में झिरिया एवं मल्धा, नारायणगंज में बरबटी एवं मल्ठार तथा मंडला में कटरा एवं पौंड़ी महाराजपुर पंचायत पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन की क्या बेहतर होंगी सुविधायें

# नववर्ष पर क्या बदलेगी व्यवस्था

*** राजनैतिक प्रतिनिधित्व से बढ़ी आस।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

वर्ष 2023 में जिले के विकास के लिए कई निर्माण कार्य को गति मिली, लेकिन निर्माण कार्य की गति मंथर गति से होने के कारण सभी विकास कार्यो में प्रश्न चिन्ह लग गए। चाहे वह मंडला से जबलपुर नेशनल हाईवे 30 मार्ग का निर्माण हो, चाहे मंडला शहर का सीवरेज कार्य, या मंडला सिवनी को जोडऩे वाला थांवर पुल निर्माण हो, या आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला को मिली मेडिकल कॉलेज की सौगात हो, ऐसे कई बड़े प्रोजेक्ट है जो आज भी अधूरे है, जिनकी कार्य की गति बहुत ही धीमी है। जिसके कारण जिलेवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वर्ष 2020 और 2021 का साल वर्षो बाद भी कोई नहीं भूल सकेगा। जब भी कोई महामारी की बात चलेगी तब कोरोना वायरस की त्रासदी का नाम जरूर लिया जाएगा। अब इस घटना को करीब तीन साल हो गए है और अभी भी दुनिया में इस वायरस का खौफ और संकट टला नहीं है। इस बीच मंडला के लोगों ने भी काफी कुछ देखा झेला और काफी कुछ सहा भी है। कोरोना महामारी की शुरुआत जनवरी 2020 के अंत तक देश में हुई। स्थिति यह बनी कि मार्च 2020 से लॉकडाउन करना पड़ा। कोरोना का डर और खौफ के साये में जीते हुए तीन साल बीत गए है। जिसकी मार अभी भी लोग सहन कर रहे है। अब एक नए वेरियंट का जन्म हो गया है, जिसकी दहशत में लोग है। संक्रमण से बचाव के लिए शासन, प्रशासन लोगों को सावधानी बरतने और मास्क लगाने की हिदायत दे रहा है।






### मेडिकल भूमिपूजन से जागी उम्मीद, स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी

वर्ष 2023 में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में कुछ खास सौगात तो नहीं मिली। लेकिन मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन के इसके निर्माण की उम्मीद लोगों में जरूर जगा दी है। हांलाकि जिला अस्पताल में कुछ मशीने पहुंचने से जांच की सुविधाएं बढ़ी है। लेकिन चिकित्सकों व स्टॉफ की कमी को दूर करना बड़ी चुनौती बनी हुई है। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल का निर्धारण नहीं हो पाने से अटका रहा। अब निर्माण के लिए जगह का निर्धारण आमानाला के पास स्थित मैदान में हो गया है यही नहीं मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए भूमि-पूजन स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल रूप से किया था। वर्तमान में जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों की बेहद कमी है। आसपास के क्षेत्रों के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को जिला अस्पताल पहुंचा दिया जाता है लेकिन यहां भी मरीजों को देखने के लिए पर्याप्त डॉक्टर नहीं होने से मरीज को सीधे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। जिला अस्पताल पर न केवल आसपास के सरकारी अस्पतालों के मरीज निर्भर है बल्कि जिले से लगे सिवनी, बालाघाट, डिण्डौरी जिले के भी मरीज जिला अस्पताल में ही भर्ती होते हैं और यहां स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से अधिकांश मरीजों को जबलपुर मेडिकल का रास्ता दिखा दिया जाता है, कई मरीज गरीबी के चलते जबलपुर मेडिकल नहीं जा पाते और किसी तरह जिला अस्पताल में ही भर्ती रहकर इलाज कराते रहते हैं। इस तरह की तमाम परेशानियों को देखते हुए जिले में ही मेडिकल कॉलेज की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी अब मेडिकल कॉलेज का भूमि-पूजन दो माह पूर्व ही अक्टूबर माह में हो चुका है।

### करीब चार माह की बची समय सीमा

मंडला से सिवनी मार्ग को जोडऩे वाले नैनपुर ब्लाक में स्थित थांवर नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य विगत पांच वर्षो से किया जा रहा है, बावजूद इसके पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। थांवर नदी पर बन रहे नवीन उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का ठेका फलोदी कंस्ट्रक्शन कंपनी इंदौर को दिया गया है। कंपनी द्वारा पुल निर्माण करते करीब पांच वर्ष बीत गए है। इस पांच वर्षो में पुल निर्माण आधे के करीब हुआ है। निर्माण कंपनी से पुल निर्माण के अनुबंध के अनुसान पुल बनाकर देने की अंतिम समय सीमा अप्रैल 2023 तक की है। निर्माण कार्य की गति को देखकर नहीं लग रहा है कि शेष बचे चार माह में निर्माण कार्य कैसे पूर्ण हो पाएगा। वर्षो से बारिश के सीजन में होने वाली समस्या से निजात पाने के लिए लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। अप्रैल 2023 तक कार्य पूर्ण होना संभव नहीं लग रहा है। लगता है वर्ष 2023 की बारिश में आने वाली बाढ़ की परेशानी भी मंडला सिवनी जिले के लोगों को झेलनी होगी।

### सुपर फास्ट का जिलेवासियों को इंतजार

करीब 115 वर्षों के सफर के बाद नेरोगेज से ब्रॉडगेज गेज परिवर्तन के लिए 2015 में मेगा ब्लॉक कर दिया गया। वहीं नेरोगेज से ब्राडगेज में परिवर्तित रेल लाईन को आज तक किसी भी मुख्य धारा से नहीं जोड़ा गया। जिले की जनता सरकार और रेलवे विभाग की इस तानाशाही पर मूक नजर आ रही है। मंडला फोर्ट से किसी बड़े शहर का संपर्क का इंतजार जिलेवासी कर रहे है। जिले को आठ कोच वाली ट्रेन की सौगात मिली जो सिर्फ मंडला से नैनपुर और जबलपुर तक दौड़ रही है, लेकिन मंडला से किसी दूसरे महानगरों के लिए सीधी ट्रेन का संचालन नहीं किया जा रहा है। वहीं मंडला फोर्ट से चित्रकूट एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन चलाने का प्रस्ताव विगत वर्ष भेजा गया था, लेकिन अभी तक इसका निर्णय नहीं हो सका है।

## लदली माता पूरी करती हैं हर मुराद



*** आस्था और विश्वास का बड़ा केन्द्र है यह मेला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नैनपुर के पास सालीवाड़ा गांव में लगने वाला दलदली मेला दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। यहां एक प्राचीन छोटा सा दलदल वाला स्थान है। जहां 12 महीने पानी भरा रहता है। वहां एक माताजी का मंदिर है जहां निसंतान लोगों की मान्यता पूरी होती है। इस स्थान की जमीन में चलने से स्पंज जैसा महसूस होता है इसलिये इसका नाम दलदली पड़ा। 5 दिन तक चलने वाला यह मेला लोगों की आस्था और विश्वास का बड़ा केन्द्र है। यह मेला पूष माह की पूर्णिमा से शुरू होता है और 5 दिन तक चलता है। हर साल हजारों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में लोग अपनी मन्नत को लेकर इस स्थान पर आते हैं। बताया जाता है दलदली माँ संतान दायिनी माता है खासकर जिनकी संतान नहीं होती उन लोगों की माता मुराद पूरी करती हैं। मन्नत पूरी होने के बाद हर श्रद्धालु यहां आते हैं और पूजन पाठ बच्चों का मुंडन करते हैं। मेले में मनोरंजन के लिए बड़े-बड़े झूला, जादू, मौत का कुआं, बच्चों के लिए एक से बढ़कर एक खिलौने एवं खाने-पीने की दुकानें भी सजती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तीन पीढ़ियों से देखते आ रहे हैं यह एक ऐसा स्थान है जहां पर हर किसी की मुराद पूरी होती है। यहां से कोई खाली हाथ नहीं जाता।

### ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के द्वारा लगाई गई आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा नैनपुर शहर का सुप्रसिद्ध दलदली मेला में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। जहाँ पर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचें। इस प्रदर्शनी में नैनपुर सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन साथ में बीके सरोज बहन, बीके शिखा बहन, बीके उमा बहन, बीके पुष्पा बहन, बीके महाप्रसाद भाई एवं ब्रह्माकुमार भाई-बहनों ने उपस्थित होकर सभी को प्रदर्शनी की जानकारी प्रदान की। यहां पर सभी को स्वयं का परिचय दिया गया। आत्मा और परमात्मा के बारे में बताया गया।



### खेलकूद के आयोजनों से खिलाड़ी भावना का विकास होता है- डॉ.आर मरकाम



**भुआबिछिया।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया में शालेय खेल कूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बालमेला का दो दिवसीय आयोजन विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। समापन पुरूष्कार वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ आर मरकाम, कार्यक्रम अध्यक्ष भिलवानी हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य एन एस तेकाम ने सरस्वती पूजन वंदना दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दो दिवसीय आयोजन में दलीय खेलों में क्रिकेट, व्हालीवाल, खो-खो, 100-200 मीटर, जलेबी दौंड़ का प्रथम चरण में आयोजन हुआ। जिसमें सर्वाधिक खिलाड़ी छात्रा अंचल से थीं विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को दलों क्रमशः पीटी उषा, कल्पना चावला, एमसी मेरीकॉम, मिताली राज में बाटा गया। द्वितीय दिवस में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में रीना, शैला, कर्मा लोकनृत्य के साथ अन्य गीतों में एकल एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति छात्राओं ने प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक की प्रस्तुति में संचार क्रांति मोबाइल के परिणाम-दुष्परिणाम, एवं विश्व व्यापी महामारी कोरोना पर मन को मिमांसा को मजबूर कर देने वाली प्रस्तुति प्रसंशा का केंद्र रही। इसके अतिरिक्त मेंहदी, केश सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता, कक्षा सजावट प्रतियोगिता की नयनाभिराम प्रस्तुती सराहनीय थीं। विजेता, उप विजेता एवं सांत्वना पुरस्कार विजेता टीमों, प्रतिभागियों को पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। मेधावी छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## राज्य स्तरीय ओपन कराते प्रतियोगिता हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



14वी राज्यस्तरीय ओपन कराते प्रतियोगियता का आयोजन छिंदवाड़ा जिले के शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय में 30 और 31 दिसंबर को किया गया। जिला कराते प्रमुख त्रिलोक डोंगरे की जानकारी अनुसार 30 दिसंबर को सभी बालिका वर्ग इवेंट आयोजित किए गए जिसमे से मंडला से काता/कुमिते के इवेंट में 6 बालिकाओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए दिशा यादव ने 2 स्वर्ण पदक, मंजू कुमारी वरकड़े ने 1 स्वर्ण पदक, अनन्या वरकड़े ने 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक एवं मधु मरावी ने 1 रजत पदक एवं 31 दिसंबर को बालक वर्ग ब्लो ब्लैक बेल्ट के इवेंट में श्रेयांश परस्ते का काता/कुमिते में स्वर्ण और कांस्य अनुभव परस्ते का 1 स्वर्ण 1 रजत, ललित सोनवानी का एक स्वर्ण,अक्षांश कांस्य, स्वयं गोमास्ता स्वर्ण, राजाराम साहू 1 रजत 1 कांस्य,मयंक यादव स्वर्ण,रितेश मरावी कांस्य, अर्पित महंत स्वर्ण, मनीष उर्रेती स्वर्ण, ब्लैक बेल्ट काता कुमिते के इवेंट में आदित्य धुर्वे 2 कांस्य, सूर्यप्रकाश नंदा 1 स्वर्ण 1 रजत,त्रिलोक डोंगरे 1 रजत 1 कांस्य पदक अर्जित किए और मण्डला जिले को गोरांवित किए मण्डला कराते खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को देखते हुए जिला खेल अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, खेल विभाग के कर्मचारी आकाश खत्री, शशांक मिश्रा, रामवती परते, करुणा, पंकज, रामनाथ, गंगाराम, प्रतिमा उपाध्याय, गिरजाशंकर अविद्रा और समस्त खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### ग्राम बिनैका में निकली अक्षत कलश शोभायात्रा



**मण्डला।** कल ग्राम विनायक में 31.12.2023 को अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश का शोभायात्रा का कार्यक्रम किया गया जिसमें शोभायात्रा ग्राम के खेरमाई माता मंदिर से निकाली गई इसके पश्चात ग्राम के अलग-अलग वार्डो से होते हुए ग्राम का भ्रमण कराया गया जिसमें ग्राम के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत एवं पूजन किया इसके पश्चात शोभायात्रा पुनः खेरमाई मंदिर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया इसमें ग्राम वासियों ने बड़ी सांख्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## वॉय.एफ.सी. रेड और प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब मण्डला ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित 51वे प्रिंस कप 20-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज का पहला मैच मेगा स्टार और वॉय.एफ.सी. रेड के बीच खेला गया जिसमे वॉय.एफ.सी. रेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैशला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉय.एफ.सी. रेड ने ताबड़तोड़ अंदाज में निर्धारित 16 ओवरो के इस मैच में 4 विकेट खोकर 173 रन बनाये जिसमे वॉय.एफ.सी. रेड की ओर से बल्लेबाजी में अमित यादव ने सर्वाधिक 54 रन अनुज परमार ने नाबाद 50 रन मिहिर जैन ने 36 रन अनुराग पांडेय ने 14 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। मेगा स्टार की ओर से गेंदबाजी में सत्यार्थ ने 2 विकेट नारायण और चंदू ने 1-1 सफलता अर्जित की। 174 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेगा स्टार की शुरुआत अच्छी नहीं रही और लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी टीम 122 रनो पर ही सिमट गई। मेगा स्टार की ओर से बल्लेबाजी में विशाल ने 34 रन पारस ने 27 रन और सत्यार्थ ने 21 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया वॉय.एफ.सी. रेड की ओर से गेंदबाजी में अनुराग पांडेय ने 4 विकेट सत्यम बर्मन ने 2 विकेट और ललित तिवारी ने 1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार वॉय.एफ.सी. रेड ने इस मैच को 52 रनो से जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के निर्णायक अमन कछवाहा और एजाज खान रहे एवं स्कोरर विशाल कछवाहा रहे। रविवार दूसरा मुकाबला गेम चेंजर और प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेला गया। जिसमे गेम चेन्जर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैशला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गेम चेन्जर ने निर्धारित 16-16 ओवरो के इस मुकाबले में अपने 8 विकेट खोकर 116 रन बनाये और लक्ष्य के लिए 117 रनो की चुनौती रखी। गेम चेन्जर की ओर से बल्लेबाजी में तोहिद खान ने 27 रन सुमित रजक ने 21 रन अनिवेश ने 16 रन और वेदांश ने 15 रनो की पारी खेली। प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में जयंत अवस्थी ने 3 विकेट आनंद और प्रदीप ने 1-1 सफलता अर्जित की। 117 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब की शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन मध्यक्रम ने जबाबदारी से बल्लेबाजी करते हुए इस मैच को प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब ने अपने कब्जे में किया। प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में प्रदीप ने 40 रन निखिल ने 22 रन विनायक ने 18 रन और मानस चौरसिया ने 14 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। गेम चेन्जर की ओर से गेंदबाजी में शिवेंद्र ने 2 विकेट सुमित सक्षम और देवराज ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार इस मैच को प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब ने 5 विकेटों से जीतकर अगले क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के निर्णायक एजाज खान और संस्कार नमन दुबे रहे एवं स्कोरर विशाल कछवाहा रहे। सोमवार का पहला मुकाबला प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब और स्काई ब्लू के बीच सुबह 9:30 बजे से खेला जायेगा और सोमवार का दूसरा मुकाबला दोपहर में डब्लू.सी.सी. और मेकल स्पोर्टस के बीच खेला जायेगा।

**कार्यशाला** | **नानाघाट और संगम घाट को आर्दश बनाने का लिया गया संकल्प।**

# नर्मदा समग्र की वार्षिक बैठक आयोजित

*** अग्नि सुरक्षा पर तीन दिवसीय कार्यशाला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



नर्मदा समग्र वनों कि अग्नि सुरक्षा के लिए नागरिकों में शिक्षा और जागरूकता का अभियान चला रही है। इसी कड़ी में नर्मदा समग्र के पदाधिकारियों और सदस्यों के लिए वनों की अग्नि सुरक्षा पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन नर्मदा समग्र न्यास ने पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया। पचमढ़ी में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यशाला में मण्डला जिले से गजेंद्र गुप्ता, श्याम श्रीवास, राकेश अग्रवाल, नीलेश कटारे, लालाराम चक्रवर्ती, पूजा चक्रवर्ती, दीप्ती कटारे और संस्कृति श्रीवास ने सहभागिता की। तीन दिवसीय कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने वनों की अग्नि सुरक्षा के सभी आयामों पर सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया।



### नर्मदा समग्र की वार्षिक बैठक सम्पन्न

पचमढ़ी में नर्मदा समग्र की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नर्मदा समग्र के पदाधिकारी और महाकोशल, नर्मदापुरम और मालवा-निमाड के भाग टोली के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नर्मदा समग्र के द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई और आगामी तीन माह के कार्यक्रमों का लक्ष्य तय किया गया। मण्डला में नानाघाट और संगम घाट को आर्दश घाट बनाने का संकल्प लिया गया। नानाघाट के लिए श्याम श्रीवास और संगम घाट के लिए गजेंद्र गुप्ता पालक पदाधिकारी हैं।

नर्मदा समग्र अपने घाट टोली के माध्यम से रक्षाबंधन कार्यक्रम, पर्यावरण पंचकोशी यात्रा,पर्वत पूजन, इको फ्रेंडली गणेश मूर्ति निर्माण और घाट सफाई का कार्यक्रम करती है।

## खबर संक्षेप

### आदित्य पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के आदित्य पब्लिक व प्ले स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव 2023-24 का आयोजन बीते हुये 28 दिसम्बर से 30 दिसम्बर के बीच किया गया। इस आयोजन के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता एवं खेल स्पर्धाएं सम्पन्न हुई। जिसकी शुरुआत स्कूल के चैयरमेन बी.पी. मेहरा व डायरेक्टर अनंत आदित्य मेहरा तथा संस्था की प्राचार्य लता काबरा द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। वही प्रतियोगिता के पूर्व शाला के विभिन्न हाउस कैप्टेन द्वारा हाउस फ्लैग मार्च किया गया जिसके बाद एच.एम. सुदीप्ता चक्रवर्ती द्वारा सभी प्रतिभागियों में खेल भावना और खेल नियमों को सुचारू रूप से पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। वही आयोजित हुई प्रतियोगिता के क्रम में पहले दिन कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। जिमें मुख्य रूप से जलेबी रेस, बुक बैलेंस रेस, बलून बैलेंस रेस, वाटर बोटल फिलिंग रेस आदि खेल नन्हे नन्हे बच्चो द्वारा खेले गये। वही आयोजन के दूसरे व तीसरे दिन मिडिल और हायर सेक्शन द्वारा कबड्डी ,खो -खो,वॉलीबाल ,बैडमिंटन आदि खेल शिक्षक प्रीती ठाकुर द्वारा खिलाये गये । जिसमें सत्यम पाठक द्वारा कमेंट्री की गयी । वही सबसे अधिक अंक अर्जित करके ग्रीन हाउस ने विजय की ट्रॉफी हासिल की। के एम पी एस ,सोफिया,एकलव्य,तथा शिवाजी स्कूल के डायरेक्टर राघवजी काबरा, रमाकांतजी कौरव, राहुल मिश्रा तथा प्रदीप मालवीय इस आदित्य पब्लिक स्कूल के खेल समारोह के मुख्य अतिथि रहे आपने कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा खेल को बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक बताया गया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य परिवार के सभी सदस्यो का सहयोग सराहनीय रहा।

### गांव के किसान बेटे ने जीता गोल्ड मेडल

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब देश हो या विदेश जहां नरसिंहपुरिया पहुंचते है तो उनकी अलग ही पहचान होती है और इसी लिये इसी लिये कहा जाता है कि कहते है मप्र के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और ग्रामीण क्षेत्र से सदैव नवयुवकों ने कमाल दिखाया है ऐसा ही कमाल सालीचौका से लगे हुये समीपवर्ती बसुरिया गांव के लघु किसान के बैटे जितैंद्र वर्मा ने कर दिखाया है। बताया जाता है कि थाईलैंड के पटाया में बीते हुये 22 से 25 दिसम्बर में में हुई वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियन शिप में 3 गोल्ड मेडल हासिल कर एक किसान के बेटे जितेन्द्र ने देश व मप्र जिला नरसिंहपुर का नाम रोशन किया है।उक्त अंतर राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भारत के कई खिलाड़ियों ने अपना योगदान दिया जिसमें से एक मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर निवासी जितेंद्र वर्मा पिता हरिशंकर वर्मा बसुरिया के पुत्र ने सीनियर वर्ग में अपना बेहतरीन प्रदर्शन देते हुए अपने नाम तीन गोल्ड मेडल हासिल किए हैं साथ ही मुख्य खिलाड़ी की ट्रॉफी भी जीती। इस तरह गांव के निवासी किसान बेटी की इस सफलता पर क्षैत्र में हर्ष व्याप्त देखा जा रहा है।

### नपा द्वारा खर्च की जा रही राशि पर खड़े हो रहे सबाल....?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन द्वारा नगर विकास या फिर अन्य किसी संस्था को प्रदान की जाने वाली शासकीय राशि का सही उपयोग होता है तो निश्चित तौर से लोगों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों की तारीफ करने से नही चूकते है। मगर यदि शासकीय राशि का दुरूपयोग किया जावे तो निश्चित तौर से अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े होने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्थानीय नगर पालिका द्वारा जिस तरह स्वच्छता सर्वेक्षण से अंकित करते हुये नगर के वार्डो में जो वोर्ड स्थापित किये गये है वह निश्चित तौर से चर्चा का विषय बनने के साथ साथ आमजन यह बात कहने से इसलिये नही चूक पा रहे है कि जब पूर्व में स्थापित किये गये वोर्ड कचरे के बीच पड़े हुये धूल चाट रहे है।

## अलविदा 2023 ने लाडली बहिनाओं व लक्ष्मी के आशीर्वाद से सत्ता हासिल करने का रचा इतिहास

# महंगाई के चलते साल भर छोटे कारोबारियों के चेहरों में दिखाई पड़ी मायूसी










**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

मनुष्य के जीवन में वर्षो के आने जाने का सिलसिला चलता ही रहता है पर यह हकीकत है बिदा हुए वर्ष 2023 की समय और समस्याएं तथा राजनीति के बीच जिस तरह वर्ष के अंतिम छोर यानि की नम्बर माह में प्रदेश की सत्ता को लेकर चुनावी घमाशान मचते हुये देखा गया है और जिस तरह राजनैतिक पार्टियों में हुई उठा पठक से लेकर जो चुनावी परिणाम सामने आये तो लोगों को चौकाने पर मजबूर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी और उसे स्वीकार करते हुये प्रदेश तथा पुनः नये रिकार्ड के साथ भाजपा को बैठाया गया बीते हुये वर्ष संपन्न हुये विधान सभा चुनाव ने जिस तरह का इतिहास रचा उसे शायद ही कभी भुलाया नही जा सकता है? वही आज से शुरू हो रहे नववर्ष 2024 का स्वागत कर नई आशाएं सजाकर लोग करेगे। यह स्वाभाविक तौर पर माना जाता है कि बीते हुए साल के अंतिम दिवस यानि की कल रविवार 31 दिसम्बर को वर्ष के अंतिम सूरज के डूबने के बाद अंधकार छिन्न भिन्न होने लगता है और नये वर्ष की सुबह अपनी रंगीनी से सभी को विभोर कर नये अंदाज में आशावादी बनकर जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देती है। वही देखा जावे तो बीते हुए वर्ष 2023 के अलविदा होने के बाद सौभाग्य की बात है कि आज सोमवार को भगवान शिवजी का दिवस पूजन सर्वार्थ सिद्धि, आनंद के बीच विशेष योग में नये वर्ष 2024 का आगाज हो रहा है। इस लिहाज से वर्ष 2023 की उपलब्धियों व घटनाओं तथा आम हलचलों तथा राजनैतिक व सामाजिक परिवर्तन में यदि गहरी नजर डाली जाये तो आईने की तरह यह हकीकत स्पष्ट होती है कि बीते हुए साल में शहर और क्षेत्र के निवासियों के कुछ सपने साकार हुए और बहुत सी समस्याएं भी उन्हे हलाकान करती रही है। क्योंकि बीते हुए वर्ष 2023 के शुरूआती तौर में तो लोगों के चेहरों पर खुशी का महौल देखने मिल रहा था। वही दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों को लगातार परेशानियों से जूझते हुये देखा गया। वही प्रदेश में विधान के लिये चुनावी विगुल बजने के बाद राजनीति में जिस तरह की खलबली मची हुई देखी गई तो अनेक लोगों के चेहरों पर मुझकान तो अनेक के चेहरों पर मासूसी भी देखने मिली और चुनाव संपन्न होने के बाद जो परिणाम सामने आये उन्होने सरकारी कर्मचारियों से लेकर आमजन तक के लिये चौका दिया। इस तरह देखा जावे तो बीता हुआ वर्ष 202.3 शायद ही लोग कभी भुला पायेगे? गुजरा हुआ वर्ष क्षेत्र के प्राकृतिक आपदा पीड़ित किसानों के लिए राहत देने वाला नही रहा है। यदि देखा जावे तो बीते हुये वर्ष महंगाई ने काफी हद तक आमजन के साथ साथ व्यापारियों के लिये परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर विदाई देते हुये वर्ष 2023 ने फिर लोगों को कोरोना की महामारी की चिंता में डालते हुये विदाई ने दहशत फैला दी गई है। इस तरह बीता हुआ वर्ष निश्चित तौर से चिंता व दहशत के बीच निकलते हुये देखा गया है। मगर आज नये वर्ष 2024 की प्रथम किरण के बीच लोग माँ नर्मदाजी से यही कामना करते हुये देखे गये कि हमे इस महामारी से शीघ्र ही निजाद प्रदान करे माँ....। वही दूसरी ओर कानूनी प्रक्रिया पर नजर डाली जावे तो निश्चित ही पुलिस विभाग में बीते हुये वर्ष जो नजारे दिखाई पड़े की नगर का इतिहास ही बन गया। क्योंकि गाडरवारा पुलिस थाने में जिस तरह नियुक्त रहने वाले टी आई अपना 6 माह का कार्य काल पूर्ण करने में सफल नही हो पाते थें जिसके चलते नगर के इतिहास में यह पहला मौका देखने मिला है जब इस थाने की बागडोर दो ताराओं के भरोसे सौपी गई थी, मगर अधिकारी की कार्य कुशलता के चलते जहां राजपाल बघेल द्वारा 6 माह के अंदर टी आई के बिदा होने के रिकार्ड को तोड़ने में सफलता हासिल करते हुये अपनी नियुक्ति को एक तारे में बढ़ोत्तरी करने के साथ साथ क्षेत्र की पहरेदारी करते हुये पूरे तीन साल तक रहने का रिकार्ड कायम करने में सफलता हासिल करने के उपरांत वह यहां की बागडोर टीआई विक्रम रजक के हाथों में सौपकर बिदा हुये। इस प्रकार से वर्ष 2023 में अवैधानिक रूप से सट्टा जुआ तथा शराब के अवैध कारोबार पर नियंत्रण लगाने में पुलिस की कार्य प्रणाली भी चर्चाओं में बनी रही। इस अवैध कारोबार के धंघे में महिलाओं की भागीदारी मिलना निश्चित ही नगर के इतिहास में ऐसी तस्वीर स्पष्ट करते हुये जान पड़ रही है कि आने वाला भविष्य इस नगर के लिये चिंता जनक बनने से नही चूक पायेगा? क्योंकि इस अवैध कारोबार पर दो स्टार के रूप में कुर्सी पर विराजमान हुये तीन स्टार धारण करते हुये राजपाल बघेल ने काफी हद तक अंकुश लगाने में सफलता हासिल की गई है? मगर दूसरी ओर नगर की यातायात व्यवस्था जिस प्रकार से अराजकता की बांहो फंसी हुई देखी जा रही है उससे मुक्त नही हो पाने के कारण आमजन में इस बात का अहसास होते हुये जान पड़ रहा है की शायद इस वर्ष भी परेशानियों से जूझते हुए देखे जावेगे...? वही यदि आयोजनों के लिहाज से देखा जावे तो गुजरा हुआ साल में जिस तरह धार्मिक कार्यक्रमों से भरा हुआ होने के चलते साल भर तक धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई देखी गई तो दूसरी ओर शादी घरों की रौनकता से शहर के बाचार को चमकते हुये दिखाई पड़े। यह बात जरूर है कि बीते हुये वर्ष ने लोगों को अत्म निर्भर रहने की क्षमता में काफी हद तक इजाफा किया गया है। वही अन्य अपराधिक घटनाओं पर नजर दौड़ाई जावे तो नगर सहित क्षेत्र में घटित हुई अनेक चोरी की घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने तथा मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुये उन्हें पुलिस द्वारा अपनी गिरप्त में लेने के साथ साथ इस अवैध कारोबार पर अंकुश में कुछ हद तक को सफलता मिली है वह उल्लेखनीय मानी जा रही है। मगर दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की जाने गई जिसके चलते बीता वहां वर्ष 2023 उनके परिजनों के लिये सदा ही यादगार बना रहेगा। वही नगर पालिका के स्तर पर देखा जावे तो वर्ष के शुरू होने से लेकर अक्टूबर माह तक युवा नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के नेतृत्व में जहां शहर में विकास की गंगा बहती हुई देखी गई और अक्टूबर माह में विधान सभा चुनावों के चलते विकास कार्यो पर विराम लगने के बाद अब वर्ष की विदाई बेला के दौरान फिर गति पकड़ते हुये देखा जाने लगा है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो नगर में अनेक प्रकार के खेल कूदों के चलते नगर में चहल पहल का महौल देखने मिला तो दूसरी ओर बीते हुये वर्ष में नगरवासियों सहित क्षेत्र में अनेक इस तरह के समाजसेवी लोगों को खोया है जिनकी कमी शायद की कभी पूरी नही हो पायेगी..? मगर बीता हुआ वर्ष 2024 के अंतिम माह ने अपना एक इतिहास जरूर रचा है जिसमें गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र को बदला हुआ विधायक मिलने के साथ केबिनेट स्तर का मंत्री मिला है जिसके चलते बीता हुआ वर्ष 2023 गाडरवारा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने से नही चूकेगा...? इस प्रकार से बिदा हुये वर्ष 2023 के बाद आज 2024 में भी प्रवेश कर गया है और मगर किसानों के सामने पूर्व की तरह ही परेशानियों में जकड़ा हुआ देखा जा रहा है तथा आज से शुरू होने वाले वर्ष 2024 को लेकर किसानो सहित युवाओं ने अनेक प्रकार के सपने संजोते हुये उसके स्वागत की तैयारी की गई है।

## दहलवाड़ा में शिक्षा,परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने संकल्प यात्रा को किया सम्बोधित, पाली खैरी स्कूल में बच्चों से किया संवाद






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

अपनी विधान सभा क्षेत्र में भ्रमण करने के साथ मतदाताओं का आभार करन के लिये गांव गांव पहुंच रहे है प्रदेश के कैबिनेट शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह। इसी के चलते बीते हुये रविवार को जनपद पंचायत सांईखेडा के अंतर्गत आने वाले ग्राम दहलवाडा पहुंचर का संकल्प यात्रा में शामिल होते हुये क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप लोगों द्वारा जिस तरह मुझ पर विश्वास जताया है उसे मैं कभी टूटने नही दूगा। इस दौरान उन्होने ग्राम पंचायत से 5 साल की कार्य योजना बनाने का ग्राम पंचायत से आग्रह किया और उसे आधार पर विकास के कार्य करने की बात कही गई। वही कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में सभी प्रकार के अवैधानिक कृत्यों पर रोक लगना चाहिये। वही शासन द्वारा चलाई जा रही किसी भी योजना से पात्र हितग्रही बंचित नही रहना चाहिये। इस मौके पर उनके साथ भूतपूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक, मिनेद्र डागा, रामनारायण बड़कुर,राजेश महेश्वरी, जिला पंचायत सदस्य योगेश कौरव,बबलू राय , सालीचौका के युवा भाजपा नेता जितेंद्र राय जित्तू भैया, चंद्रपाल सिंह राजपूत, अशोक भार्गव, प्रियांक जैन, घन श्याम सिंह राजपूत, संदीप कौरव, मोहरकान्त पटेल, सरंपच सोना राहुल पटेल सहित अनेक लोग मौजूद थें। वही दूसरी ओर शिक्षा मंत्री का पदभार लेने के उपरांत उन्होने सबसे पहले समीपस्थ ग्राम पालीखैरी स्कूल में पहुंचकर छात्र छात्राओं से सीधे संवाद करते हुये चर्चा की गई।



## टैंकरों की हड़ताल की खबर सुनते पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये जाने वाले नये एक्सीडेंट एक्त को लेकर गैस व तेल कंपनियों में चलने वाले टैकर व ड्राईवरों द्वारा इस एक्ट का विरोध करते हुये हड़ताल पर जाने की खबर जिस तरह सोशल मीडिया पर फैल रही है उसके चलते वाहन मालिकों द्वारा चिंता बढते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि इस खबर को लेकर वाहन मालिकों की सोच है कि यदि पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल आना बंद हो जावेगा तो हमारे वाहन कैसे चलेगे। इसी के चलते लोग अपने वाहनों को फुल टैंक कराने की सोच रखते हुये पेट्रोल पंपों पर पहुंचने के चलते नगर के अनेक पैट्रोल पंपों पर समाचार लिखे लाने के चलते लम्बी लम्बी कतारे लगी हुये देखने मिली। हालत इस तरह से निर्मित हो रहे है कि शहर के मुख्य मार्गो के किनारे संचालित होने वाले पेट्रोल पंपों के पास जहां जाम की स्थिति निर्मित होते हुये देखने मिल रही थी। यदि तेल कंपनियों में लगे हुये इन टैंकर चालको द्वारा यदि हड़ताल की जाती है और वह अधिक दिनों तक चलती है तो निश्चित तौर से परेशानी का कारण बनने से नही चूक पायेगा जिसका सबसे अधिक असर किसानों के ऊपर पड़ने से नही चूक पायेगा और उनके खेती के धंधें प्रभावित होते हुये देखे जा सकते है तो दूसरी ओर बाजार में काली बाजारी का महौलू भी निर्मित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

# ट्रेक्टर मालिकों की मनमानी पर नहीं लग रहा अंकुश

## बन रहा परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर की सड़कों पर देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से नियम विरूद्व ट्रेक्टरों का परि संचालन किया जा रहा है उस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम यह है कि ट्रेक्टरों के संचालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू होकर आम लोगों तथा नगरवासियों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है? क्योंकि सही मायने में देखा जावे तो नगर की सड़को पर दौड़ने वाले इन ट्रेक्टरों का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर होने के बाद भी उन्हें अन्य दूसरें धंधों में उपयोग होते हुये खुलेआम देखा जाने के बाद भी संबंधित विभाग की चुप्पी नियम विरूध दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर मालिको की मनमानी को बढ़ावा देने से नही चूक रही है? वही यदि इन ट्रेक्टरों के संचालन की स्थिति पर गौर किया जावे तो प्रशासन का ठुल मुल रवैया होने के कारण इन ट्रेक्टर चालको के हौसले बुलंद देखे जा रहे है? इतना नही आये दिन दिखा जाता है कि जब इन ट्रेक्टरों से मिट्टी, रेत व गिट्टी की ढुलाई करते हुए नगर में प्रवेश किया जाता है तो इन ट्रेक्टरों को इस प्रकार के नाबांलिक बच्चों द्वारा दौड़ाते हुए देखा जाता है कि जिनके पैर न तो ब्रेक तक पहुंच पाते है और न ही उनकी उम्र वाहन चलाने की होती है? इसके बाद भी प्रशासन की कुम्भकर्णी निंद्रा का परिणाम है कि उनके द्वारा छूट प्रदान किये जाने के कारण यह लोग आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? वही अक्सर नगर की सड़कों पर इन ट्रेक्टरों का संचालन होते हुए उस समय देखा जाता है जब बच्चों के स्कूल छूटने तथा लगने का समय होता है, स समय नगर की सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रेक्टरों की गति को देखते हुए यह जान पड़ता है कि शायद मासूमो का अब भगवान ही मालिक है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इन ट्रेक्टरों में ढोये जाने वाली मिट्टी को ट्रेक्टर मालिको द्वारा इस प्रकार से ओवर लोडिंग भरते हुए नगर की सड़को पर दौड़ाया जाता है जिसके चलते जब वह मिट्टी सड़को पर गिरने के बाद अन्य छोटे वाहन चालको के लिए खतरा की घंटी बताते हुए जान पड़ती है, क्योंकि सड़को पर गिरने वाली इस मिट्टी के चलते जहां बाइक सबारों को फिसलने का भय बना रहता है तथा इस मिट्टी के धूल में परिवर्तित होने के बाद सड़क को गंदा तो करती ही है साथ ही साथ जब इस मिट्टी से बनी हुई धूल के गुब्बरे बनकर उड़ते है तो लोगों का सांस लेना भी दूभिर हो जाता है? जिसके चलते जहां नगर के लोग इन ट्रेक्टर चालको की मनमानी से परेशान देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा भी जान पड़ रहे है?

## झिकोली पुल के बीच में खड़े होने वाली वाहनों की सच्चाई को लेकर

# लगता है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है किसी बड़ी घटना का इंतजार

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**

जिस प्रकार से शासन द्वारा गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को प्रदेश की राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए झिकोली नर्मदा घाट पर पुल का निर्माण कराया गया है उसके चलते इस मार्ग पर लगातार वाहनों की संख्या में जहां इजाफा होते हुए देखा जा रहा है, वही इस नर्मदा पुल के निर्माण होने के कारण लोगों को भोपाल पहुंचने में काफी सुविधाजनक मार्ग साबित होते हुए देखा जा रहा है? इस समय इस पुल के ऊपर वाहन चालकों की हो रही मनमानी के चलते इस मार्ग से निकलने वाले लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है? बताया जाता है कि आये दिन देखा जाता है कि अनेक बड़े वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को पुल के ऊपर ही खड़ा करते हुए जहां मटर गस्ती करते हुए देखा जाता है तो वही दूसरी ओर अनेक वाहन चालक तो इस समय चल ठंड के मौसम में आसपास की दुकानों से नास्ता लेकर पुल के ऊपर खड़े होकर मटर गस्ती के साथ पुल के ऊपर खड़ा होकर उसे ग्रहण करना अपनी शान समझने लगे है? इस स्थिति के चलते जब कोई दूसरा वाहन इस मार्ग से निकलता है तो उसे पुल पार करने में काफी परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है। इस प्रकार से भारी भरकम ट्रकों सहित बसों व अन्य चार पाहिया वाहनों के चलाको द्वारा घंटो तक अपने वाहन खड़े किये



जाने की सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी प्रशासन को अनेकोवार इस सच्चाई से अवगत कराया जा चुका है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से अब यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है कि बड़ी घटना का इंतजार? जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष इसी प्रकार से जब दो मासूम इस पुल के ऊपर से पैदल गुजर रहे थें, उसी दौरान एक वाहन के अचानक आ जाने के बाद उसकी आवाज से घबराकर दो मासूम बच्चियाँ पुल के नीचे यानि की नर्मदा नदी में गिर जाने से उनकी मौत हो चुकी है इसके आलवा पुल के ऊपर वाहनों के खड़े रहने की स्थिति में अन्य घटनाएं भी घटित हो चुकी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज कर रहा है उसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही बताया जाता है कि ग्राम झिकोली सांईखेड़ा पुलिस थाने की सीमा में आता है। मगर पुल पर प्रवेश करते ही सांईखेड़ा थाने की सीमा समाप्त होने के कारण जहां सांईखेड़ा पुलिस इन मनचले वाहन चालकों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने में असमर्थ जान पड़ रही है। वही दूसरी ओर यह संपूर्ण पुल समीपस्थ उदयपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता हुआ बताया जा रहा है? जिसके चलते सही मायने में देखा जावे तो पुल के ऊपर खड़े होने वाली वाहनों को लेकर उदयपुरा पुलिस की उदासीनता किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण साबित हो सकती है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब पुल के ऊपर वाहन खड़े होते है तो उन्हे अपने वाहन निकालने में काफी परेशान होने के साथ साथ पुल के नीचे गिरने का भय तो बना ही रहता है, जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े वाहनों को निकलने का इंतजार करते हुए अपना मूल्यवान काफी समय बर्बाद करना पड़ता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दो पाहिया वाहनों की देखी जाती है जब कोई व्यक्ति दो पाहियां वाहन पर किसी महिला को लेकर निकता है तो पुल के ऊपर खड़े हुये इन वाहनों के चलते जहां उसे अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर देखा जाता है, वही दूसरी ओर पुल के ऊपर खड़े रहने वाले मनचले वाहन चालकों की छिटाकशी का शिकार भी होते हुए देखा जाता है?

# भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

## विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने स्पष्ट किया कि देश में मोदी की गारंटी - अवधराज बिलैया

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालिय डिण्डौरी मे भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आहुत की गई, बैठक मे भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया, अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम सहित पदाधिकारी मंचासीन रहें। सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्जवलित कर बैठक की शुरूआत की गई।

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**




बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा कि विगत दिवस हुए विधानसभा चुनाव मे विकास, सुशासन, गरीब कल्याण की राजनीति और इसका नेतृत्व करने वाले कालजयी नेता नरेन्द्र मोदी जी के प्रति जनता की प्रखर प्रतिबद्धता के लिए जाना जायेगा। केन्द्र मे 09 वर्ष और मध्यप्रदेश मे 15 माह कांग्रेस की कमलनाथ सरकार को छोड़कर लगभग दो दशक से सरकार के माध्यम से सेवा व सुशासन मे भाजपा जुटी हुई है। जिसके फलस्वरूप इस बार अब तक का सबसे बड़ा जनादेश भाजपा को प्राप्त हुआ है। इससे स्पष्ट संदेश है कि देश मे किसी की गारंटी है तो एक ही गारंटी है वह है मोदी की गारंटी हम सभी जिले की जनता का आभार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित करते है। अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र मे किसी भी दल मे संवाद एक जरूरी व्यवस्था है भाजपा लगातार संवाद और सीधा सम्पर्क के कारण अपने उददेश्यों को आसानी से पूरा कर पाने मे सक्षम हुई है। साथ ही तकनीक के इस युग मे बूथ पर काम करने वाली कार्यकर्ताओं की टोली का डिजीटलीकरण होने से संगठन व जनता या सरकार के बीच सेतू का कार्य किया है, जिस कारण आज हमारी पार्टी को अधिक सीटों पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर मिला है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे ने संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा परिणाम ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा किया जा रहा विकास, सुशासन का पक्का प्रबंध और जनकल्याण की सफल योजना का मार्ग कांग्रेस की जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पर भारी है। कांग्रेस ने इस चुनावों मे जातिवाद फैलाने, समाज को बांटने की कोशिश की। लेकिन प्रदेश की जनता ने जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को सिरे से खारिज कर दिया। अभी वर्तमान मे हमारी विकसित भारत संकल्प यात्रा जो कि जिले के दोनो विधानसभा मे प्रत्येक गांव गांव जाकर योजनाओं का लाभ घर बैठे अपने गांव मे देने का प्रयास भाजपा की सरकार कर रही है। हमारे भाजपा परिवार के प्रत्येक पदाधिकारी इस यात्रा मे शामिल होकर जन जन को सरकार की योजनाओ से पात्र हितग्राहियो को लाभ दिलाने का प्रयास करें ताकि सरकार की योजनाऐं अंतिम पंक्ति तक पहुचें और सबका विकास हो सकें।

बैठक के पश्चात राजनीतिक प्रस्ताव का वाचन जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी ने किया जिसका समर्थन जिला उपाध्यक्ष मनोहर ठाकुर व प्रीतम मरावी ने समर्थन किया। मंच का संचालन जिला महामंत्री जयसिंह मरावी व आभार जिला उपाध्यक्ष बद्रीप्रसाद साहू ने व्यक्त किया। उक्त बैठक मे पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, जिला महामंत्री जयसिंह मरावी, ज्ञानदीप त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष मनोहर ठाकुर, मनोहर सोनी, बद्रीप्रसाद साहू, प्रीतम मरावी, जिला मंत्री राजेन्द्र प्रसाद दुबे, मनकासिंह वनवासी अनुराग गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, जिला सह मीडिया प्रभारी अनूप गुप्ता, आई.टी. संयोजक राहुल पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, हेमसिंह राजपूत, राजकुमार मोंगरे, सुशील राय, घनश्याम कछवाहा, बीरेन्द्र साहू, कृष्णकुमार मिश्रा, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश सिंह धुमकेती, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह परस्ते, पि.वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह राठौर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नरवदिया मरकाम, जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, जनपद सदस्य रजनी मंदे, मण्डल मंत्री नीलू जैन, प्रकोष्ठ संयोजक स्वेता जैन, सरमन सिंह ठाकुर, सुदील बरमैया, रामजी गुप्ता, सुरेश नायक, मण्डल महामंत्री भागीरथ उरैती, गजेन्द्र ठाकुर, अनिल साहू, रामानुज राव, सुदामा बर्मन, बोधराम सरैया, दवल सिंह पूषाम, अखिलेख दुबे, हरीश साहू, बबलू गौतम, द्वारका सिंह ठाकुर, सम्हर सिंह, नंदकुमार राजपूत, प्रीतलाल, सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप

### हसदेव जंगल के संरक्षण की मांग को लेकर जयस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल के कटते पेड़ों को बचाने अब मध्यप्रदेश जयस ने भी मोर्चा संभाल लिया है, आदिवासी संगठन जयस के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम के आव्हान पर सम्पूर्ण म.प्र. के तहसील और जिला मुख्यालय में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर हसदेव के जंगल काटने का विरोध करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम ने बताया कि जंगल बचाना केवल आदिवासियों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हर उस व्यक्ति की है जो पर्यावरण के उपहारों से अपने जीवन को समृद्ध बना रहा है, पर्यावरण के संतुलन के लिए जंगल अनिवार्य आवश्यकता है, सरकार समाज और उद्योगपतियों को समझना चाहिए कि कोयला आपके लिए 20-25 साल ही काम आ सकता है कोयला का उपयोग किया जा सकता है, परंतु सरकार और हर उस इंसान को हम कहना चाहते हैं कि हसदेव जैसे जंगल बनाने या उगाने के लिए सम्पूर्ण विश्व के उद्योगपतियों की सम्पत्ति और संसाधन सक्षम नहीं हैं, इसलिए देश-प्रदेश के सभी जागरूक और न्याय प्रिय लोगों से अपील है कि हसदेव जंगल को बचाने के लिए सभी अपने घरों से निकलकर तहसील एवं जिला मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन देकर विरोध करें ताकि सरकार और उद्योगपतियों से जीवनदायिनी जंगलों को कटने से बचाया जा सके।

### मेंहदवानी के हनुमान मंदिर में अखंड रामधुन कीर्तन का आयोजन



**मेंहदवानी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मेंहदवानी के सहना टोला स्थित हनुमान मंदिर में नये वर्ष का आगाज राम नाम से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मेंहदवानी के सनातनियों द्वारा प्रतिवर्ष अंग्रेजी नव वर्ष के आगमन पर संगीतमय अखंड रामधुन कीर्तन का आयोजन किया जाता है जो 31 दिसंबर को प्रारंभ किया जाता है और 1 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ समापन किया जाता है। नव वर्ष के आगमन पर एवं गुजर रहे साल पर लोग कई तरीके से एन्जॉय किया करते हैं परंतु मेंहदवानी नगर में गुजर रहे साल को संगीतमय अखंड रामधुन कीर्तन का आयोजन कर राम नाम के बीच नये साल का स्वागत करते हैं। अखंड संगीतमय रामधुन कीर्तन में पूरा गांव झूम झूमकर नृत्य करते हुए राम नाम का कीर्तन करते हैं।

### गायत्री मंदिर में लोकार्पण समारोह संपन्न

**अमरकंटक।** डाक्टर चिन्मय पांड्या के द्वारा गायत्री मंदिर अमरकंटक में नव निर्मित भवन यज्ञशाला पर प्रखर प्रज्ञा और सजल श्रद्धा की प्राण-प्रतिष्ठा एवं भव्य प्रवेश द्वार सत्संग भवन का लोकार्पण अपने मुख्य अतिथि में संपन्न किया। गायत्री परिवार के सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया एवं गायत्री परिवार के आश्रम को जिन-जिन महानुभावों ने सहयोग किया है तन मन या धन से उन सभी का गायत्री परिवार तरफ से स्वागत किया गया।

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने संतों का लिया आशीर्वाद

**अमरकंटक।** 31 दिसंबर पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचकर मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने नर्मदा उद्गम स्थल पर मां नर्मदा के दर्शन एवं पूजन कर प्रदेश एवं जिलेवासीयो के सुख, समृद्धि की मंगल कामना की गई। तत्पश्चात उन्होंने मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन किया तथा कन्या भोज कराया इस दौरान उनके परिवारजन तथा जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश शासन के नवनियुक्त मंत्री दिलीप जायसवाल ने पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचकर पतित पावनी मां श्री नर्मदा के पूजन कर पूरे प्रदेश व देश वालों के लिए आने वाला नया साल खुश में एवं समृद्ध साली हो ऐसी मनोकामना की।

# उपनिरीक्षक अनुराग जामदार को कोतवाली की कमान

### नगर में अवैध सट्टा,शराब और चोरी की गतिविधियों पर लगेगा अंकुश ..?

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**



पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने फेरबदल करते हुए उपनिरीक्षक अनुराग जामदार को कोतवाली की कमान सौंपी है, वही निरीक्षक नरेंद्र पाल को रक्षित केंद्र में पदस्थ किया गया है।

अनुराग जामदार ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। नवागत कोतवाली थाना प्रभारी ने कहा कि अपराधियों में भय और आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखने का प्रयास किया जाएगा। कोतवाली क्षेत्रंतार्गत में क्राइम कंट्रोल की पूर्व में स्थिति अच्छी है और उन्हें और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए आमजन भी पुलिस का सहयोग करें। किसी घटना या अपराध की पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

अनुराग जामदार अपने सेवाकाल के दौरान असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ा है, उनका मानना है कि गुंडों में पुलिस का खौफ होना चाहिए ताकि आम जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।

नवागत कोतवाली प्रभारी के लिए व्यवस्था सुधारना और बीते महीनों में हुई वारदातों का खुलासा करना बड़ी चुनौती है तो वहीं चोरी, अवैध शराब, सट्टा पर लगाम लगाने का दबाव भी पुलिस पर है।

### पदभार ग्रहण करते ही ली समीक्षा बैठक

नव नियुक्त थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण करते ही एक्शन मोड़ में आ गये है। उन्होंने थाने में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, गुम इंसान, लंबित वारंट की जानकारी लेकर समीक्षा की और समय में पूर्ण करने निर्देशित किया।

# करंट में फंसकर पिता मां एवं पुत्री घायल

**अनूपपुर।** जिले से लगे जैतपुर थाना अंतर्गत बचरखार गांव निवासी सुखई पिता जयदीन पाव अपनी पत्नी मुन्नी बाई, पुत्री सुखबारिया के साथ 30 दिसम्बर शनिवार की सुबह मजदूरी का काम करने घर से निकल कर केशवाहीं पैदल आ रहे थी तभी घर से आधा किमी दूर स्थित नाला के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाए गए जीआई तार जिसमें बांस की खूटी लगी रही के अंधेरा होने के कारण चलते समय करन्ट के चपेट मे आने से बुरी तरह जलकर घायल गए जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केशवाही में प्राथमिक उपचार करने बाद बेहतर उपचार हेतु 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर में शनिवार की सुबह भर्ती कराया गया जहां तीनों का उपचार चल रहा है। घटना में 45 वर्षीय सुखई पाव के पेट, जांघ, पत्नी मुन्नीबाई के पैर, पीठ एवं पुत्री सुखबरिया के जांघ में करंट लगने से जले हुए हैं।

# वरिष्टजनों की सहायता हेतु विनम्र प्रयास प्रोजेक्टसाथी





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

खाली न बैठे बुजुर्ग ,समाज में कुछ काम करे साथी कार्यक्रम में बोले कलेक्टर पांच गारंटी दे रहे है आज रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आज से 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके दंपतियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा पांच गारंटी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुछ लोगो ने विभागीय समस्याएं बताई तो अधिकारियों ने मंच से आकर शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। वही कलेक्टर विकास मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्ग घर में खाली न बैठे समाज के लिए कुछ न कुछ जरूर करते रहे ।

### आज बुजुर्गों को पांच गारंटी दी जानी हुई शुरू

कार्यक्रम में कलेक्टर विकास मिश्रा ने 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके लोगो के लिए स्वास्थ्य, अविवादित राजस्व प्रकरणों का निपटारा, भरण पोषण अधिनियम के तहत मदद, फूड कार्ड, व्यवसाय के लिए ऋण उपलब्ध कराने की गारंटी देने की शुरुआत की गई। कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्ग घर में खाली न बैठे, समाज के लिए कुछ न कुछ जरूर करें। शासकीय शिक्षक है तो रिटायरमेंट के बाद भी किसी भी नजदीकी स्कूल में जाकर एक घंटे पढ़ाए जो जिस तरीके से हो सके तो सिस्टम की मदद करे । जिस शासन ने आपको 60 वर्ष तक सेवाओं के बदले कुछ न कुछ दिया है उसे सिस्टम को रिटायरमेंट के बाद भी कुछ देना आपकी भी जवाबदारी है। जब तक हम सब मिलकर काम नही करेगे तब तक कैसे विकसित भारत की कल्पना कर सकते है। सामाजिक कार्यकर्ता एल.एल.बी. गोल्ड मेडलिस्ट वर्षा नायक ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं खुद कलेक्ट्रेट परिसर में बैठकर परेशान लोगो को विधि संबंधित परामर्श दूंगी। कार्यक्रम के बाद आए बुजुर्गो ने विभागीय स्टाल में राजस्व संबंधित 06, पेंशन संबंधित 3, दिव्यांग की 02, समग्र आधार के 10 आवेदन दिए है। वही 89 बुजुर्गो का हेल्थ चेक अप, आयुष विभाग से 106 लोगो को दवाई उपलब्ध करवाई गई। सामाजिक न्याय विभाग की तरफ से 23 बुजुर्ग हितग्राहियों को सुनने वाली मशीन, स्टिक, व्हील चेयर उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रिटायर्ड प्राचार्य पी.एन. अवस्थी, रिटायर्ड कृषि वैज्ञानिक ओ.पी.दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र पाठक, नीमा बाई और वर्षा नायक, सुनील शुक्ला संयुक्त कलेक्टर, श्याम सिंगौर महिला बाल विकास अधिकारी, एल.डी.एम.,रमेश मरावी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रजेन्द्र पाठक संकल्प यात्रा प्रभारी समीति सदस्य, नेहरू युवा केन्द्र प्रभारी आर.पी.कुशवाहा सहित विभागीय अमला मौजूद रहा ।

# जनजाति गौरव पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम संपन्न





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

वनवासी विकास परिषद महाकौशल जिला इकाई डिंडोरी में आज दिनांक 31 दिसंबर 2023 को दोपहर 1.00 बजे से जनजाति गौरव पुस्तिका का विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ देवेंद्र मरकाम डिंडोरी महेश धूमकेतु प्रांत सह सचिव डिंडोरी द्वारा जनजाति गौरव पर प्रकाश डाला गया सहमारे खोए हुए विरासत देश धर्म संस्कृति के लिए अपने प्राणों की आहुति दीस ऐसे जनजाति समाज के महापुरुषों की जीवन गाथा राजा शंकर शाह रघुनाथशाह ,रानी दुर्गावती भगवान बिरसा मुंडा, समाजसेवी ठक्कर बापा पूज्य बालासाहेब देशपांडे वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक जिन्होंने जनजाति समाज के धर्म संस्कृति के साथ सर्वांगीण विकास के लिए अपना जीवन समर्पित किया ऐसे 75 नाम जिनका इतिहास में नाम ही नहीं है समाज में जनजाति समाज के क्रांतिकारी महापुरुषों का नाम उनके गौरव गाथा को समाज के सामने आना चाहिए इस उद्देश्य से इस पुस्तक में संकलन किया गया है जिसमें राष्ट्रीय जन जाति आयोग इंदिरा लोक कला विश्वविद्यालय दिल्ली अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से यह पुस्तक निकल गई है। उद्बोधन में कहा गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेम भैसवार प्रांत सह संगठन मंत्री डिंडोरी जवाहरलाल जी विश्वकर्मा प्रांत सह लोक कला प्रमुख डिंडोरी सुनील बाजपेई केंद्र प्रमुख डिंडोरी सुनील परवेजी जिला संगठन मंत्री डिंडोरी सतीश शर्मा जी जिला उपाध्यक्ष भानु प्रताप कोहली जिला अध्यक्ष बालमुकुंद परस्ते जी पूर्व जिला संघ चालक प्रीतम मरावी जी जिला पंचायत सदस्य निघोरी भानपुर मानका बनवासी पूर्व जनपद अध्यक्ष समनापुर बलराम मरावी गड़ासरई पूर्व सरपंच बलदेव मरावी लाल सिंह मरावी जी पूर्व सरपंच लालपुर एवं जनजाति प्रतिनिधि पूरे जिले से लगभग 50 की संख्या में उपस्थित हुए।

### गुणवत्ता, समय का ध्यान, साप्ताहिक समीक्षा जरूरी-दिलीप जायसवाल

**अनूपपुर।** निर्माण कार्यों की विभागीय अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा करें निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए उक्ताशय के निर्देश शनिवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने दिए बैठक में मध्य प्रदेश शासन के राज्य स्तरीय कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ) रामलाल रौतेल, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी सहित विभिन्न विभागों के जिला, जनपद व नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा जनहितैषी विभिन्न अधोसंरचनाओं के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई है जिसे समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का कार्य विभागीय अधिकारियों का है कार्यों में कहीं कोई दिक्कत आने पर समन्वय से वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाकर समस्याओं का निदान सुनिश्चित किया जाए ।



# मंदिर के मलबे में दबकर दो बालकों की मौत के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

### परिक्रमा मार्ग पर रेत का भंडारण करने वाले व्यक्ति पर हुआ अपराध दर्ज

**बिजुरी।**

बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलीडाड में 28 दिसंबर को मंदिर के समीप खेल रहे दो बालकों की मौत मंदिर की दीवार गिर जाने से उसके मलबे की चपेट में आ से हो गई थी। इसके पश्चात बिजुरी पुलिस के द्वारा इस मामले में धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।


### यह है मामला

बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलीडांड में 28 दिसंबर को शिव मंदिर के समीप खेल रहे एक ही परिवार के 4 वर्षीय मासूम विवेक तिवारी पिता विनोद तिवारी, राज तिवारी पिता दुर्गेश तिवारी 8 वर्ष की मंदिर की दीवार ढहने से उसके मलबे की चपेट में आ जाने से मौत हो गई थी। जांच में पुलिस ने पाया कि आरोपी पूरन प्रसाद तिवारी पिता रामदुलारे तिवारी उम्र 65 वर्ष निवासी गुलीडांड के द्वारा अपने घर के सामने बने पुराने मंदिर की जर्जर बाउंड्रीवाल के अंदर क्षमता से अधिक मात्रा में रेट इकट्ठा करके लापरवाही पूर्वक मृतक के परिजनों के मना करने के बाद भी रखा हुआ था। जर्जर बाउंड्री वॉल पर रेत का दबाव पड़ने से मंदिर के समीप खेल रहे दोनों मासूमों की मौत होना पाया गया। जिस पर बिजुरी पुलिस ने इस मामले में आरोपी पूरन प्रसाद तिवारी के विरुद्ध धारा 304 ए का अपराध दर्ज कर लिया है।

# जश्न के साथ हुई 2023 की विदाई

## रात के 12 बजते हुए नववर्ष के स्वागत में शुरू हुआ धमाल







### कोई मनायेगा पिकनिक पार्टी तो कोई जायेगा धार्मिक स्थल , नववर्ष की स्वागत में विविध आयोजन

### यादें छोड़कर विदा हुआ 2023

### चुनावी सरगर्मियों से सराबोर रहा बीता साल

वर्ष 2023 की स्वागत बेला को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में आज जश्न जैसा माहौल देखने को मिलेगा। लोगबाग अपने अपने स्तर से नववर्ष का स्वागत करेंगे। जहां रमणीक प्राकृतिक स्थलों नर्मदा घाटों में जाकर पिकनिक पार्टियां मनायेगें। वहीं क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर नये वर्ष का स्वागत किया जायेगा। या फिर लोग अपने अपने घरों में ही व्यंजनों की बहारों के बीच नूतन वर्षाभिनंदन करेंगे। मौज मस्ती में सारा दिवस बीतेगा। खट्टी-मीठी यादों को छोड़कर विदा हुआ वर्ष 2023 राजनैतिक व मुख्य रूप से चुनावी सरगर्मियों से भरपूर रहा।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बीती रात्रि को घड़ी की सुईयों ने जैसे ही 12 बजाये चारों दिशाओं से से पटाखे-आतिशबाजियों का धूम-धड़ाका शुरू हो गया। मोबाईल का मैसेज बाक्स शुभकामना संदेशों से भर गया। इंटरनेट पर भी बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया। अपने-अपने तरीके से नव वर्ष की आगवानी के लिए लोगों ने पूर्व से ही अनेक तैयारियां कर रखी थीं। कुछ लोग जहां मस्ती करने के मूड में है वही कुछ लोगों ने बताया कि वे नया वर्ष सादगी से मनाना चाहते हैं। गुजरा साल जिले को कोई खास उपलब्धी नही दे गया किंतु चुनावी वर्ष होने के कारण हर कोई राजनीति के रंग में रंगा आया। भाजपा ने जिले की चारों सीटों पर कब्जा कर कांग्रेस को धूल चटाई । जिले में पिछले वर्ष हत्याओं, चोरियों, महिला उत्पीड़न, बाल अपराध, आत्महत्या जैसे अनेक मामले प्रकाश में आये। इस वर्ष हत्याओं के मामलों में गत वर्ष की अपेक्षा आंशिक इजाफा नजर आ रहा है, लेकिन कुछ मामले इतने गंभीर किस्म के सामने आये जिन्हें सुलझाने में पुलिस को भी पसीना आ गया। वहीं प्रशासनिक हल्के में लगातार फेरबदल की बयार चलने से कई अधिकारी यहां से वहां हो गये।

### रेस्टारेंट रहे फुल चलता रहा पार्टियों का दौर

शाम से ही विभिन्न स्थानों पर पार्टियों का दौर शुरू हो गया था जो देर रात नये वर्ष के आगमन तक चला। डीजे की धुन पर युवाओं ने जगह-जगह डांस पार्टियॉ और पिकनिक भी आयोजित की थी। जिनमें सर्वाधिक भीड़ देखी गई। शुभकामनाओं का दौर सर्वाधिक मोबाइल मैसेजों में देखने मिला दो दिन पहले से ही नये साल के आगमन को लेकर बधाईयों के संदेश आना शुरू हो गये थे। युवाओं द्वारा मनाये जा रहे जश्न हुल्लड़ में बदलकर किसी अपराध को जन्म न दे दें इसलिए रात्रि के वक्त पुलिस भी बेहद सक्रिय नजर आयी। शहर से लगे बायपास स्थित ढाबों में देर रात्रि तक शराब के शौकीन युवा मय के प्याले भी छलकाते रहे। वहीं शहर के भीतर भी कुछ चर्चित होटलों में सारी रात चियर्स होता रहा।

### पिकनिक स्पाटों पर रहेगी भीड़

आज नये वर्ष के सेलिब्रेशन के लिए जिले के पिकनिक स्पाटों पर भारी भीड़ रहेगी। टोनघाट, चिनकी के पास धुंआधार, राजाबाबू, कालिया दहाड़ जैसे जलप्रपातों के अलावा नर्मदा के उमरिया-चिनकी, बरमान के रेतघाट, सतधारा घाट हर साल नये वर्ष पर खचाखच रहते है। वही विशेषकर टोन घाट एवं बरमान घाट की जिला मुख्यालय से निकटता व सहज मार्ग लोगों को यहां आने आकर्षित करता है। कई लोगों ने हिल स्टेशनों में नया साल मनाने के लिए पहले ही ट्रेनों का रिजर्वेशन व होटलों की बुकिंग करा ली थी। ऐसे कई लोग मिले जो शिमला व मनाली जैसे स्थानों में नये साल का लुत्फ उठाना चाहते हैं। वहीं ऐसे लोग भी हैं जो मैहर, वैष्णोदेवी व सल्कनपुर जैसे धार्मिक स्थानों में जाना चाहते हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत रविवार को जिले के 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों में पहुंची। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने अपनी सहभागिता निभाई। केंद्र शासन की जन कल्याण की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने आयोजित किये गये शिविरों में से जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत सूरवारी में विधायक महेन्द्र नागेश और जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत काचरकोना व इमझिरा के कार्यक्रमों में विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल शामिल हुए।

ग्राम पंचायत काचरकोना व इमझिरा में विधायक श्री पटैल ने कई हितग्राहियों को अपनी उपस्थिति में लाभ दिलाया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभान्वित करने का संकल्प दोहराया। विधायक श्री पटैल ने केंद्र शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विभागों द्वारा शिविर स्थल पर लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत सूरवारी में विधायक श्री नागेश ने कहा कि सरकार अंत्योदय की विचारधारा पर कार्य कर रही है। शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं पर फोकस कर वंचित व्यक्ति को लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता है। इन शिविरों के माध्यम से लोगों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्या का निराकरण किया जायेगा। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। विधायक श्री नागेश ने सरपंच को नल- जल योजना के तहत अभिनंदन पत्र भी प्रदान किये।

शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे।




## के.टू.के. वॉक फॉर हेल्थी इंडिया पद यात्रा का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज -करेली।

नेशनल सोशल ऑगेर्नाइजेशन के नेतृत्व में चलाई जा रही के.टू.के. वॉक फॉर हेल्थी इंडिया पद यात्रा जो कि श्रीनगर से जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली का सफर तय करके मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में शुक्रवार रात पहुंची। स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत ह्लड्रग्स फ्री इंडिया - पेस्टिसाइड फ्री इंडियाह्व की थीम लेकर चल रहे करनाल निवासी दीपक कुमार यादव व दौसा राजस्थान निवासी हीरालाल महावर का थाना प्रभारी करेली आशीष धुर्वे, कवि आशीष सोनी आदित्य, प्रेस परिषद करेली के सह सचिव पत्रकार अमित जैन संजय ने पुष्पाहार से भव्य स्वागत किया व नशामुक्त भारत की इस मुहिम की सराहना की गयी। बताया गया कि पद यात्रा श्रीनगर के लाल चौक से 17 नवंबर 2023 को प्रारंभ हुई थी। नगर के कृष्णा होटल पर स्वागत भोजन पश्चात यात्रा गाडरवारा की ओर विदा कर दिया गया।

### भारत विकास यात्रा के तहत

## हितग्राहियों को किया जा रहा लाभान्वित

तेंदूखेड़ा

इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में भारत विकास यात्रा गांव गांव पहुंच रही है। एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। रविवार को ग्राम इमझिरा एवं काचरकोना में विकास यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल पूर्व विधायक भैयाराम पटेल नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा दीवान अर्जुन सिंह डा हरगोविंद पटेल सरपंच दीवान राघवेन्द्र सिंह देवेंद्र गंगोलिया शिवदयाल खेरोनिया सुरेश पुरोहित डालचंद पटेल देवराज कश्यप श्रवण श्रीवास्तव रामकुमार ठाकुर सोनू महाराज श्याम सिंह ठाकुर पुरूषोत्तम पटेल सहित पार्टी के नेताओं ने शिरकत की।इस मौके पर विधायक श्री पटेल ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा अनुसार ही पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। तथा क्षेत्र में अवैध




रूप से बिकने वाली शराब पर प्रतिबंध लगना चाहिए व्यसनों से युवा पीढ़ी बर्बादी की तरफ बढ़ रही है।इस पर प्रत्येक वर्ग को आगे आकर लगाम लगाने की दिशा में पहल करनी चाहिए।इस मौके पर उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर चूल्हों का वितरण भी किया गया। तथा इमझिरा मे दीवान अर्जुन सिंह द्वारा नव निर्वाचित विधायक का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। उक्त सभी कार्यक्रमों में जनपद पंचायत चांवरपाठा के सीईओ संजीव गोस्वामी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बी एम साहू, के साथ साथ स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, कृषि विभाग के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी- मंत्री श्री सिंह

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

केंद्र शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को जिले की 12 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले की ग्राम पंचायत पिठवानी और दहलवाडा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह शामिल हुये। उन्होंने शिविर में केंद्र शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया तथा शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये नागरिकों से चर्चा कर उनके हालचाल जाने।



कार्यक्रम में श्री सिंह ने ग्राम पंचायत पिठवानी में 5 लाख रुपये पंचायत को देने की घोषणा की। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्राकृतिक खेती के फोल्डर और ओडीएफ ग्राम पंचायत का सर्टिफिकेट का वितरण किया। ग्राम पंचायत दहलवाड़ा में लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र, प्राकृतिक खेती फोल्डर और ओडीएफ प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

### क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी

श्री सिंह ने शिविर को सम्बोधित करते हुये केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याण की योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनों को दी। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे इसी मकसद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### खबर संक्षेप

### छात्र छात्राओं को निशुल्क स्वेटर वितरित



**नरसिंहपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला मगरधा में अध्ययनरत 110 छात्र छात्राओं को देवी सिंह मुडि?ा सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय मगरधा के सौजन्य से विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओपी राय, बी ए सी रविशंकर ठाकुर, माध्यमिक विद्यालय प्रधानपाठक विनोद ठाकुर, शिक्षक देवेंद्र पटेल जनशिक्षक आर पी शर्मा, संजय मेहरा ,विकासखंड सह समन्वयक विजय नामदेव की उपस्थिति में निशुल्क स्वेटर का वितरण किया गया। ठंड में छात्र छात्राओं को निशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड के अकादमिक दल द्वारा छात्र छात्राओं के हित में किए गए कार्य को अनुकरणीय बताते हुए सराहना की गई। अकादमिक दल द्वारा छात्र छात्राओं से वर्कबुक पर कार्य देखते हुए बच्चों की शैक्षणिक स्तर की जांच की गई स्तर संतोषप्रद होने पर छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय परिवार से अजरा परवीन,शोभना पाठक ,रश्मि सोनी उपस्थित रहे ।

### चौकीदार श्री कश्यप हुए सेवानिवृत्त



**नरसिंहपुर,** 31 दिसम्बर 2023. जिला जनसम्पर्क कार्यालय नरसिंहपुर में पदस्थ चौकीदार श्री पूरनलाल कश्यप 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो गये हैं। श्री कश्यप ने 33 वर्ष तक इस विभाग में अपनी सेवायें दी हैं। सेवानिवृत्त होने पर सहायक संचालक श्री राहुल वासनिक, सेवानिवृत्त श्री रामकुमार सोनी, श्री मंगल प्रसाद ठाकुर, श्री राजेश दुबे, श्री सिद्धार्थ रैकवार, श्री शहीद खान, श्री मिट्ठूलाल, श्री आकाश राय, श्री राजकुमार मेहरा ने उन्हें शुभकामनायें प्रेषित की और भावभीनी विदाई दी।

### संभाग में गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई नरसिंहपुर जिले में

**नरसिंहपुर।** अधीक्षण यंत्री अमित चौहान ने बताया कि जबलपुर संभाग में सबसे गुणवत्तापूर्वक सप्लाई नरसिंहपुर जिले में प्रदान की जा रही है। इससे घरेलू फीडर में दिसम्बर 23 घंटे 50 मिनट तक सप्लाई प्रदान की जा रही है। साथ ही साथ ट्रिपिंग की समस्या का निराकरण भी किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 2 लाख 5 हजार 716 उपभोक्ता हैं। फीडर की संख्या 187 है। माह अक्टूबर में औसत विद्युत प्रदाय 23 घंटे 21 मिनट, माह नवम्बर में औसत विद्युत प्रदाय 23 घंटे 24 मिनट रहा। वहीं कृषि फीडर में 99 हजार 522 उपभोक्ता हैं। कृषि फीडर में माह अक्टूबर में औसत विद्युत प्रदाय 9 घंटे 23 मिनट, माह नवम्बर में औसत विद्युत प्रदाय 9 घंटे 32 मिनट रहा है। वर्तमान में जो भी बंद एवं खराब ट्रांसफार्मर है, उनको बदलने का युद्ध स्तर पर कार्य जारी है।

### 12 ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**नरसिंहपुर ।** भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में आयोजित की जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भारत शासन की 19 और शहरी क्षेत्रों में 16 योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाना है। इसके जिले में अलग- अलग वाहनों के लिए दिनांकवार रूट चार्ट जारी किया है। रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए एक जनवरी को वाहन क्रमांक एक जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत धुबघट व सिंहपुर बड़ा, वाहन क्रमांक दो जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत बावली व दौन, वाहन क्रमांक 3 जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत खैरीपाली व बनवारी, वाहन क्रमांक 4 जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत ग्वारी व देवाकछार, वाहन क्रमांक 5 जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत आडेगांव खुर्द व सिंहपुर छोटा और वाहन क्रमांक 6 जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत उमरपानी व टेकापार पहुंचेगी।